भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 487
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2026

महाराजगंज में मोबाइल टावर कनेक्टिविटी

487. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने बिहार के महाराजगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मोबाइल टावर कनेक्टिविटी की उपलब्धता और कवरेज का मूल्यांकन किया है;
(ख) यदि हाँ, तो स्थापित किए गए मोबाइल टावरों की कुल संख्या कितनी है और कार्यशील और अकार्यशील टावरों का दूरसंचार कंपनी-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे गांवों या क्षेत्रों की पहचान की गई है जो मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी के मामले में अभी भी सेवा से वंचित हैं या जहाँ कम कनेक्टिविटी है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त निर्वाचन क्षेत्र में कवरेज में सुधार के लिए भारतनेट और अन्य दूरसंचार अवसंरचना पहलों जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ङ.) क्या सरकार का विचार उक्त निर्वाचन क्षेत्र में 4जी और 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए अतिरिक्त मोबाइल टावर स्थापित करने या मौजूदा अवसंरचना का उन्नयन करने का है और यदि हाँ, तो समय-सीमा और वित्तीय सहायता सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) जी, हां। सरकार ने बिहार के महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मोबाइल टावर कनेक्टिविटी की उपलब्धता और कवरेज का आकलन किया है। सारण और सीवान जिलों में कार्यरत टावरों की संख्या, जो बिहार राज्य के महाराजगंज लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को कवर करते हैं (दिनांक 30.06.2026 तक), नीचे दी गई है:

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जिला	टॉवर की कुल संख्या
बिहार	सारण	1576
बिहार	सीवान	1301

सारण और सीवान जिलों में कार्यरत सभी मोबाइल टावरों की विस्तृत सूची निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
(https://www.dot.gov.in/static/uploads/2026/07/00dae751521013f3a46a7e5d21d79177.pdf)

(ग) महाराजगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी 1042 जनगणना गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं उपलब्ध हैं।

(घ) देश में सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) के लिए चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के प्रावधान हेतु भारतनेट कार्यक्रम को अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस अवसंरचना को गांवों/सरकारी संस्थानों, स्कूलों और निजी क्षेत्रों सहित ग्राम पंचायतों/ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए टीएसपी/आईएसपी को पट्टे पर दिया गया है।

महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सभी 177 ग्राम पंचायतों को भारतनेट परियोजना के चरण-। और चरण-।। के तहत जोड़ा गया है।

इसके अलावा, भारतनेट के चरण-I और चरण-II के मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन, प्रचालन, रखरखाव और उपयोग के लिए करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बिना ग्राम पंचायत वाले गांवों को उनकी संबंधित ग्राम पंचायतों से मांग के आधार पर कनेक्टिविटी प्रदान की जानी है।

(ङ) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा किसी क्षेत्र में मोबाइल सेवाएं उनकी तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर प्रदान की जाती हैं। सरकार द्वारा आबादी वाले सेवा से वंचित गांवों के लिए मोबाइल कवरेज को डिजिटल भारत निधि के माध्यम से समर्थन प्रदान किया जाता है।

दिनांक 30.06.2026 तक, बिहार के 481 गांवों/स्थानों को 4जी मोबाइल कवरेज प्रदान करने वाले 388 टावर ऑन एयर किए गए हैं।

डीबीएन द्वारा वित्तपोषित मोबाइल परियोजनाओं के अंतर्गत बिहार के महाराजगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी मोबाइल टावर को योजनाबद्ध नहीं किया गया है।

****